>

Title: Need to construct an over bridge on four lane road passing via Dabra block in district Gwalior, Madhya Pradesh.

**श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर):** मेरे संसदीय क्षेत्र जिला ग्वालियर के ग्राम जौरासी में ग्राम के अधिकांश किसानों की कृषि भूमि सड़क के उस पार है। किसानों को कृषि कार्य हेतु सड़क पार करके जाना पड़ता है। वर्तमान में भी इस सड़क पर यातायात का भारी दबाव है। चार लेन सड़क निर्माण के उपरांत यातायात का दबाव और बढ़ेगा। यदि जौरासी गांव में ब्रिज नहीं बनाया गया तो सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्वालियर द्वारा बनायी जा रही इस सड़क पर ग्राम जौरासी में यदि ओवर ब्रिज बना दिया जाये तो ग्रामीणों को एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध जौरासी हनुमान मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को रोड़ पार करने में सुविधा होगी।

ग्रामीणों एवं दर्शनार्थियों की आवागमन सुविधा हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र ग्वालियर के ब्लॉक डबरा में आने वाले ग्राम जौरासी में एक ओवर ब्रिज बनाये जाने हेतु माननीय केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एव राजमाग, भारत सरकार से आग्रह है।